# भारत आधार सीडिंग इनेबलर (एनपीसीआई पोर्टल के माध्यम से)

एनपीसीआई ने नागरिकों को कुछ गतिविधियों हेतु डिजिटल रूप से क्रियान्वित करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण सुविधा हेतु भारत आधार सीडिंग इनेबलर (BASE) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। भारत आधार सीडिंग इनेबलर (BASE) प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करके नागरिक निम्नलिखित गतिविधियां प्राप्त कर सकते हैं।

- आधार सीडिंग
  - नये रुप से सीडिंग
  - उसी बैंक में एक खाते से दूसरे खाते में संचलन
  - बैंक से दूसरे बैंक में आधार का संचलन
  - आधार डी-सीडिंग
- आधार सीडिंग की स्थिति का पता लगाना
- आधार मैपिंग इतिहास का पता लगाना

**बेस (BASE) सुविधा का उपयोग के लिए, ग्राहकों को निम्नलिखित चरणों का पालन करना होगा:**

- **चरण 1:** यूआरएल https://npci.org.in पर क्लिक करें:
- **चरण 2:** उपभोक्ता (कंज्यूमर) टैब पर क्लिक करें
- **चरण 3:** भारत आधार सीडिंग इनेबलर (BASE) पर क्लिक करें
- **चरण 4:** ड्रॉपडाउन का चयन करके आधार मैपिंग की स्थिति या आधार मैपिंग हिस्ट्री प्राप्त करें।

**नोट: इस सुविधा का उपयोग करने के लिए ग्राहक का सही आधार नंबर और मोबाइल नंबर उसके बचत खाते से जुड़ा होना चाहिए।**